# कार्यालय–जिला कार्यक्रम अधिकारी कासगंज

पत्रांक 1092 /जि0का0अ0/स्था0–4–चयन/2025–26 दिनांकः 22 ,नवम्बर, 2025

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ के शासनसादेश I/1092245/2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनांक–17 सितम्बर 2025, में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद कासगंज के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में सहायिकाओं की मानदेय आधारित संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत है:–

| क्रम सं0 | परियोजना का नाम | अनारक्षित (UR) | पि0 जा0 वर्ग (OBC) | अनु0जाति0 वर्ग (SC) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अंमापुर | 47 | 22 | 29 | 98 |
| 2 | गंजडुण्डवारा | 57 | 41 | 33 | 131 |
| 3 | कासगंज | 114 | 44 | 61 | 219 |
| 4 | पटियाली | 54 | 40 | 33 | 127 |
| 5 | सहावर | 55 | 20 | 25 | 100 |
| 6 | सिढ़पुरा | 78 | 49 | 38 | 165 |
| 7 | सोरों | 61 | 43 | 28 | 132 |
| | कुल योग | **466** | **259** | **247** | **972** |

**नोट–उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय पोर्टल की स्थिति के आधार पर घट बढ़ सकती है।)**

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलैक्ट्रट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, विभागीय बेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनवाड़ी सहायिका के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष अधिकतम परास्नातक होगी। अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार होगी।
3. आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। दिनांक 01.07.2025 को आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु के सम्बन्ध में हाईस्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि मान्य होगी।
4. चयन में उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में ) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/ परित्यक्ता महिला को वरीयता प्रदान की जायेगी।
5. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश ही मान्य होंगें।

6. विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में ) की गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाले परिवार की महिलाएं।
7. गरीबी रेखा से नीचे की विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिलाएं/गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रो में) की निवासी गरीबी रेखा से ऊपर की विधवा महिला/ परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाएं।
8. उपरोक्तानुसार अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रो में) की निवासी गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाएं।
9. निवास एवं जाति के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर निर्गत निवास एवं जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगें जिनका ऑनलाईन सत्यापन सम्भव हो।
10. विज्ञप्ति प्रकाशित रिक्त पदो की संख्या विशेष परिस्थियों में घट–वढ़ सकती है। उपरोक्त विज्ञप्ति पदों के अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय बेबसईट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
11. आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनसादेश 3959/1–9–11–रा0–9 दिनांक–30.09.2011, के क्रम मे सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें जिनका ऑनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

आवेदन पत्र विभागीय बेबसईट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध फोर्मेट पर ऑनलाईन व सही–सही सावधानीपूर्वक भरे जायेगे। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाईन फार्म किया गया होगा। यदि आवेदन में कोई त्रुटि होती है, या कोई गलत या कूटरचित पाये जायेगे तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। इसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगी। त्रुटि सुधार हेतु ऑफलाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा, अतः अभ्यर्थी के संलग्न किये गये अभिलेख स्पष्ट पठनीय होने चाहिये। आवेदन करने से पूर्व शासनादेश दिनांक 17.09.2025 का अध्ययन भलीभांति कर लें। आवेदन पत्र का प्रिंट आउट निकाल कर मूल अभिलेखों से मिलान कर ले। त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। केन्द्र का नाम एवं केन्द्र कोड भरना अनिवार्य है।

12. ऑनलाईन आवेदन दिनांक– 23.11.2025 से 13.12.2025 के मध्य रात्रि 12:00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें।

**नोटः**–आवेदन चयन की सम्पूर्ण प्रक्रिया शासनादेश I/1092245/2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनांक–17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार ही किया जायेगा। किसी भी प्रकार के विचलन पर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थिनी का होगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
O/c कासगंज।

पृष्ठांकन – / तददिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ०प्र० लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कासगंज।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कासगंज।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कासगंज।

5. समस्त उपजिलाधिकारी जनपद–कासगंज को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने हेतु।

6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद कासगंज को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने हेतु।

7. जिला सूचना अधिकारी कासगंज को इस आशय से प्रेषित कि जनपद कासगंज के उपरोक्त उल्लिखित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की विज्ञप्ति न्यूनतम दर पर किसी स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने के साथ भुगतान हेतु बिल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत कासगंज, पटियाली, बिलराम, सोरों, सहावर,सिढपुरा व अमॉपुर को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।

9. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद कासगंज को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें, एवं प्रचार–प्रसार भी करायें।

10. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
O/C कासगंज।